टीकमगढ़

नवभारत

भोपाल, शनिवार, 27 दिसंबर 2025

एक नजर में

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता सेवाएं प्रारंभ

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में वॉश ऑन व्हील्स के तहत स्वच्छता सेवाएं प्रारंभ की गई हैं। इसीक्रम में टीकमगढ़ जिले के मजना, मबई, अनंतपुरा जनपद सेक्टर गुना, भेलसी जनपद बल्देवगढ़ और सेक्टर खरों जनपद पलेरा सेक्टर में वॉश ऑन व्हील्स के तहत स्वच्छता सेवाएं प्रारंभ हो गई हैं।

वॉश ऑन व्हील्स के तहत आमजन संस्थागत शौचालयों की सफाई हेतु 200 रूपये तथा घरेलू शौचालय हेतु 50 रूपये शुल्क का भुगतान कर सफाई करा सकते हैं। इन सेक्टर्स की सभी संस्थाएं अपने शौचालयों की सफाई हेतु सेवा का उपयोग करें। साथ ही गांव के लोगों को भी उनके घरों के शौचालय को 50 रुपए के मामूली शुल्क पर साफ कराने हेतु प्रेरित करें। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में वॉश ऑन व्हील्स के तहत स्वच्छता सेवाएं प्रारंभ की गई हैं। इसीक्रम में टीकमगढ़ जिले के मजना, मबई, अनंतपुरा जनपद बल्देवगढ़ और सेक्टर खरों जनपद पलेरा सेक्टर में वॉश ऑन व्हील्स के तहत स्वच्छता सेवाएं प्रारंभ हो गई हैं। प्रशासन ने इस कार्य को लेकर सभी तैयारिया कर ली है।

सुजारा बांध की नहर में लीकेज से फसलें हो रहीं तबाह

समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

अधिकारी एवं कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप

नवभारत न्यूज
टीकमगढ/पलेरा।

क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बैडरी में डवर के पास स्थित सुजारा बांध की नहर में हुए लीकेज के कारण किसानों की फसलें बर्बाद होने के कगार पर पहुंच गई हैं। किसानों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद संबंधित विभाग के कर्मचारी इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि 24 घंटे के भीतर जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो वे मजबूरन बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

ग्रामीण किसानों ने बताया कि नहर से लगातार पानी रिसने के कारण खेतों में जलभराव की स्थिति बन गई है जिससे गेहूं और चने की फसलें नष्ट हो रही हैं। परेशान किसानों ने मजबूर होकर 181 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के बाद विभागीय कर्मचारी मौके पर पहुंचे जरूर लेकिन पूर्ण रूप से मरम्मत किए बिना ही वापस लौट गए। किसानों का यह भी आरोप है कि कर्मचारियों द्वारा उन्हें धमकाया गया कि यदि दोबारा शिकायत की गई तो पूरी नहर खोल दी जाएगी। इससे ग्रामीण किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि सुजारा बांध की नहर से जहां पानी की आवश्यकता है वहां पानी नहीं पहुंच पा रहा है जबकि जिन खेतों में पानी की जरूरत नहीं है वहां अत्यधिक पानी पहुंचने से फसलें पूरी तरह खराब हो रही हैं। इस समस्या से प्रभावित किसानों में कमलेश दीक्षित, पुरन, मथुरा, प्यारेलाल सहित कई अन्य किसान शामिल हैं। किसानों का कहना है कि उन्होंने खाद बड़ी मुश्किल से वह भी रात-रात भर लाइन में लगकर प्राप्त की थी लेकिन अब जलभराव के कारण उनकी मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि 24 घंटे के भीतर जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो वे मजबूरन बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगे।क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बैडरी में डवर के पास स्थित सुजारा बांध की नहर में हुए लीकेज के कारण किसानों की फसलें बर्बाद होने के कगार पर पहुंच गई हैं। किसानों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद संबंधित विभाग के कर्मचारी इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बैडरी में डवर के पास स्थित सुजारा बांध की नहर में हुए लीकेज के कारण किसानों की फसलें बर्बाद होने के कगार पर पहुंच गई हैं। किसानों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद संबंधित विभाग के कर्मचारी इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि 24 घंटे के भीतर जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो वे मजबूरन बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पडेगा जिसकी संपूर्ण जबाबदारी जिला प्रशासन की रहेगी। किसानों ने बताया कि अगर जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया तो किसानों की फसले तबाह होने की कगार पर पहुंच सकती है। किसानों ने बताया कि बारिश अधिक होने के कारण पहले वाली फसल से कुछ भी मुनाफा नहीं हुआ है।

> **181 पर शिकायत के बाद भी नहीं हुआ निराकरण**
>
> इस समस्या से प्रभावित किसानों में कमलेश दीक्षित, पुरन, मथुरा, प्यारेलाल सहित कई अन्य किसान शामिल हैं। जिन्होंने बताया कि नहर से लगातार पानी रिसने के कारण खेतों में जलभराव की स्थिति बन गई है जिससे गेहूं और चने की फसलें नष्ट हो रही हैं। परेशान किसानों ने मजबूर होकर 181 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के बाद विभागीय कर्मचारी मौके पर पहुंचे जरूर लेकिन पूर्ण रूप से मरम्मत किए बिना ही वापस लौट गए।

> **समस्या के कारण फसलें हो रहीं खराब**
>
> किसानों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद संबंधित विभाग के कर्मचारी इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि 24 घंटे के भीतर जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो वे मजबूरन बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगे। किसानों बताया कि हम लोग काफी परेशानी का सामना करने को मजबूर है। इससे पहले किसानों को खाद की समस्या से परेशान होना पड़ा अब खेतो में फसले तैयार हो चुकी है लेकिन नहर क्षतिग्रस्त होने के कारण जो पानी का रिसाव होने के कारण खेतों में पानी भर चुका है। अगर समय रहते इसका समाधान नही किया गया तो फसले खराब होने की कगार पर पहुंच सकती है।

उपचुनाव को लेकर निकाला फ्लैग मार्च

नवभारत न्यूज मोहनगढ़।

आगामी 29 दिसंबर को त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव को लेकर मोहनगढ़ कस्बे में पुलिस से लेकर प्रशासन अलर्ट है क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शुक्रवार को मोहनगढ़ पुलिस ने एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम एवं मोहनगढ़ तहसीलदार रमेश चंद्र परमार की उपस्थिति में कस्बे में पैदल फ्लैग मार्च निकला गया।

आगामी पंचयात उप चुनाव को लेकर निकाले गए फ्लेग मार्च की शुरुआत रानीपुर रोड पर स्थित किले के दरवाजे से की गई जो मुख्य बाजार से होते हुए बस स्टैंड मोहनगढ़ पर समापन किया गया। पंचायत उपचुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा मोहनगढ़ कस्बे में सभी जगहों पर चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्थाएं की गई हैं। पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों ने लोगों से बगैर भय के मतदान करने की अपील की है।

आगामी 29 दिसंबर को त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव को लेकर मोहनगढ़ कस्बे में पुलिस से लेकर प्रशासन अलर्ट है क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शुक्रवार को मोहनगढ़ पुलिस ने एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम एवं मोहनगढ़ तहसीलदार रमेश चंद्र परमार की उपस्थिति में कस्बे में पैदल फ्लैग मार्च निकला गया। चुनाव को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने निष्पक्षता से चुनाव कराने के लिए कमर कस ली है। आज शनिवार की शाम चुनाव का प्रचार-प्रसार समाप्त हो जाएगा और मोहनगढ़ क्षेत्र के सभी सीमाए सील कर दी जाएगी।

नगर परिषद के तत्वावधान में छात्राओं ने चलाया अभियान

नवभारत न्यूज जतारा।

नगर परिषद जतारा के तत्वावधान में आज कस्तूरबा गांधी कन्या छात्रावास एवं नेताजी सुभासचंद्र बोस कन्या छात्रावास की छात्राओं के लिए एक विशेष स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को 4 प्रकार के कचरे—गीला कचरा, सूखा कचरा, घरेलू खतरनाक कचरा एवं ई-वेस्ट के सही पृथक्करण तथा सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को बताया गया कि किस प्रकार दैनिक जीवन में कचरे को अलग-अलग रखकर स्वच्छता बनाए रखी जा सकती है, गीले कचरे का उचित निस्तारण एवं खाद निर्माण किया जा सकता है तथा सूखे कचरे को पुनर्चक्रण के लिए दिया जा सकता है। साथ ही सिंगल यूज़ प्लास्टिक से पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य एवं पशु-पक्षियों को होने वाले नुकसान पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया है और इसके विकल्प अपनाने हेतु प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर छात्रावास की ओर से शशि श्रीवास्तव एवं हेमलता श्रीवास्तव उपस्थित रहीं, जिन्होंने छात्राओं को स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने एवं प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। नप अध्यक्ष अनुराग सुनील नायक रामजी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी पदम कुमार जैन, स्वच्छता प्रभारी राजेश सूत्रकार,सह स्वछता प्रभारी रवि अहिरवार स्वच्छता शाखा से उमाशंकर नामदेव, नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

शीतलहर का प्रकोप लगातार जारी

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

पिछले 24 घंटे से शीतलहर का प्रकोप जारी है जिसके कारण दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 22.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक शीतलहर जारी रहने का अनुमान जताया है।

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो दिनों में दिन का तापमान 21 से 22 डिग्री के बीच रह सकता है।

वीर बलिदान दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए केन्द्रीय मंत्री

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह के चार साहब जादों ने धर्म की रक्षार्थ अपने प्राणों की आहूती देकर जो बलिदान दिया था। यह कार्यक्रम वीर बलिदान दिवस के रूप में शुक्रवार को मनाया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री डॉ.वीरेन्द्र कुमार खटीक एवं भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत ने भाग लिया।

शुक्रवार को बलिदान दिवस के उपलक्ष में एक यात्रा निकाली गई यात्रा में शामिल लोगों द्वारा सड़को पर पानी डालकर उसकी साफ-सफई की गई। दोपहर एक यात्रा निकाली गई।

कार्यक्रम के अनुसार सिंधी धर्मशाला से यात्रा कोतवाली के सामने गांधी चौराहा होते हुए नायकों के मोहल्ला स्थित गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा पर पहुंची जहां यात्रा का समापन किया गया। इस संबंध में संस्था के डायरेक्टर इन्द्रपाल सिंह ओबेरॉय पिंटू सर ने बताया कि वीर बलिदान दिवस को लेकर शुक्रवार को इस प्रकार के कई आयोजन शहर में किए गए है। जिसमें सभी का सहयोग सराहनीय रहा है।

प्लेसमेंट में 91 आवेदक शामिल

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में शासकीय आईटीआई के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासकीय आईटीआई बल्देवगढ़ में मारुति सुजुकी कंपनी हरियाणा द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। केंपस प्लेसमेंट में कुल 91आवेदक उपस्थित हुए।

लिखित परीक्षा के आधार पर 83 आवेदकों को साक्षात्कार हेतु चयनित किया गया। साक्षात्कार उपरांत कुल 73 प्रशिक्षणार्थियों का अंतिम रूप से चयन किया गया। कंपनी द्वारा विभिन्न चरणों के माध्यम से जॉइनिंग प्रक्रिया संपन्न की गई जिसमें आईटीआई के कुल 51 प्रशिक्षणार्थियों ने कंपनी को ज्वाइन किया। ज्वाइन किए गए प्रशिक्षणार्थियों को कंपनी द्वारा 34000 प्रति माह मानदेय दिया जा रहा है।

कृषि विज्ञान केन्द्र सम्मेलन में किसानों को दी जानकारी

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

कृषि विज्ञान केन्द्र में कृषि सम्मेलन कार्यक्रम के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं साथ में राज्य मिलेट मिशन योजना अंतर्गत सेमिनार, कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष कृषि स्थायी समिति जिला टीकमगढ़ छत्रपाल सिंह , अंशुल व्यास उपाध्यक्ष किसान मोर्चा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम अंतर्गत स्थानीय कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसान भाइयों को मिलेट मिशन के संबंध में जानकारी दी गई एवं दिनेश कुमार जाटव सहायक संचालक कृषि द्वारा कृषि सम्मेलन एवं मिलेट मिशन के संबंध में किसान भाइयों को जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही उपसंचालक कृषि मनोज कश्यप द्वारा किसान भाइयों को कृषि सम्मेलन एवं मिनट मिशन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान कर कृषकों कों को मिलेट उत्पादन से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया एवं प्राकृतिक खेती करने हेतु कृषकों को जागरूक किया एवं जानकारी दी गई।

कृषि वैज्ञानिक डॉ आरके प्रजापति, डॉ एस के सिंह एवं डॉ सतेन्द सिंह द्वारा किसान भाइयों को जानकारी दी गई इस अवसर पर विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, आईपी तिवारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी टीकमगढ़, अन्य विकास खण्डों के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, कृषि विस्तार अधिकारी लगभग 200 किसान भाई एवं 60 महिला कृषक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफ ल संचालन कृषि विस्तार अधिकारी केपी अहिरवार द्वारा किया गया।

ओबीसी महासभा ने अपनी मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

ज्ञापन देने वालों ने प्रदर्शन कर की नारेबाजी

गोचर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने की मांग

नवभारत न्यूज, पलेरा।

ओबीसी महासभा जिला इकाई ने सात सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर के नाम पलेरा तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया एसडीएम कोर्ट की तत्काल स्थापना कार्यवाही कर उसे सुचारू रूप से लगाया जाए।

तहसील पलेरा के अंतर्गत आने वाली ग्रामों में गोचर भूमि से अतिक्रमण मुक्त कराई जाए। तहसील पलेरा में लंबित पड़े प्रकरणों को शीघ्र ही निपटाया जाए ।जैसे बंटवारा, नामांतरण , और फौती नामांतरण 2.0 के नामांतरण भी किए जाए। जिन ग्रामों में गौशाला नहीं है वहां गौशाला खोली जाए। पलेरा नगर में सभी महत्वपूर्ण मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे अति शीघ्र लगाये जाए जिससे आए दिन हो रहे हैं वारदातों में अंकुश लगाया जा सके। विद्युत मंडल पलेरा अंतर्गत सभी खेतों के खराब पड़े विद्युत ट्रांसफर को जल्द से जल्द बदले जाए। जिससे किसानों की फसलों को सही समय पर पानी मिल सके । आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है। साथ ही सात दिवस के अंदर मांगों को पूर्ण नहीं गया तो वह उग्र आंदोलन के लिए विवश होगे। इस मौके उत्तम नापित ओबीसी महासभा जिला अध्यक्ष, नीलेश यादव,भगवानदास बाबा , रविंद्र यादव शान सिंह यादव, संजय कुशवाहा ,पुष्पेंद्र अहिरवार ,मनोज रैकवार ,प्यार कुशवाहा , पुष्पेंद्र सेन ,उमेश कुशवाहा, रहीस अहिरवार ,रामकुमार यादव सपा नेता सहित मौजूद रहे। ओबीसी महासभा जिला इकाई ने सात सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर के नाम पलेरा तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन। जिसमें बताया गया है कि। एसडीएम कोर्ट तत्काल स्थापना करवाई का सुचारू रूप से लगाया जाए। तहसील पलेरा के अंतर्गत आने वाली ग्रामों में गोचर भूमि से अतिक्रमण मुक्त कराई जाए। तहसील पलेरा में लंबित पड़े प्रकरणों को शीघ्र ही निपटाया जाए । जैसे बंटवारा, नामांतरण, और फौती नामांतरण 2.0 के नामांतरण भी किए जाएं। जिन ग्रामों में गौशाला नहीं है वहां गौशाला खोली जाए। मांगे पूरी नहीं होने पर ज्ञापन देने वालों ने प्रशासन को आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है। ज्ञापन देते समय सभी ने जमकर नारेवाजी कर प्रदर्शन किया हैं।

लापरवाही संबंधित विभाग ने मार्ग पर नहीं लगाए सांकेतिक बोर्ड

तालाब के पास बना भयानक अंधा मोड़ दे रहा हादसों को न्यौता

नवभारत न्यूज, मोहनगढ़।

ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कें तो बना दी जाती हैं लेकिन सुरक्षा का खयाल नहीं रखा जाता है यदि बात करे दिगौड़ा से मोहनगढ़ को जोड़ने बाली सड़क की तो सिकंदर और मोहनगढ़ के बीच में मानसरोवर तालाब की बंदान के ऊपर से निकली सड़क पर सड़क बनाने वाली एजेंसी ने न तो सांकेतिक बोर्ड लगाए और नहीं प्रतिरोध बैरिकेट्स जिससे राहगीरों और वाहनचालकों की हादसे होने की आशंका बनी रहती है। जबकि इस मार्ग पर तालाब के पास एक खतरनाक अंधा मोड़ है। बीते दिनों कोहरे के कारण दिखाई नहीं देने से तालाब में एक ई-रिक्शा गिर जाने की खबर सामने आई थी।

दरअसल इस मार्ग में सबसे बड़ी गड़बड़ी की बात यह सामने निकलकर आ रही है कि यहां एक अंधी मोड है साथ ही इसी के पास एक विशाल तालाब है। इन दिनों सर्दी के मौसम में सुबह से कोहरे होने से सड़क पर आगे का दिखाई नहीं देता है ऐसे में हादसे की संभावना और बढ़ जाती है बीते दिनों इसी जगह पर एक ई रिक्शा तालाब में गिरने की खबर सामने आई थी गनीमत रही का कोई बड़ी जन हानि नहीं हुई थी। स्थानीय लोगों की सूझ-बूझ से ई रिक शा एवं उसमें सवार लोगों को तालाब से सकुशल निकाल लिया गया था। स्थानीय राहगीरों की मांग है कि संबंधित विभाग को इस और ध्यान देना चाहिए जिससे यहां हादसों पर प्रतिबंध लग सके। इस वर्ष अत्यधिक बारिश होने की वजह से तालाब का पानी और सड़क एक समान दिखाई दे रहे है। सड़क किनारे प्रतिरोध बैरिकेट्स ना होने की वजह से लोगों में हादसे की आशंका बनी रहती है। ऐसे में इस सड़क से आवाजाही करने वाले लोगों में निरंतर दुर्घटना का भय बना रहता है लोगों के पास इस मार्ग से निकलने के अलावा दूसरा कोई विकल्प भी नहीं है ।ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कें तो बना दी जाती हैं लेकिन सुरक्षा का खयाल नहीं रखा जाता है यदि बात करे दिगौड़ा से मोहनगढ़ को जोड़ने बाली सड़क की तो सिकंदर और मोहनगढ़ के बीच में मानसरोवर तालाब की बंदान के ऊपर से निकली सड़क पर सड़क बनाने वाली एजेंसी ने न तो सांकेतिक बोर्ड लगाए और नहीं प्रतिरोध बैरिकेट्स जिससे राहगीरों और वाहनचालकों की हादसे होने की आशंका बनी रहती है।

> **राहगीरों के पास इस मार्ग के अलावा नहीं दूसरा विकल्प**
>
> इस मार्ग पर बड़ी लापरवाही होने के कारण उक्त सड़क से आवाजाही करने वाले लोगों में निरंतर दुर्घटना का भय बना रहता है लोगों के पास इस मार्ग से निकलने के अलावा दूसरा कोई विकल्प भी नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कें तो बना दी जाती हैं लेकिन सुरक्षा का खयाल नहीं रखा जाता है। जबकि लोगों को निकलने के लिए इस मार्ग के अलावा दूसरा विकल्प नही है।

अज्ञात चोरों ने सूने घरों को बनाया निशाना

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

शहर में दो सूने मकानों में चोरी की घटना सामने आई है। चोरों ने रिटायर्ड शिक्षक हरीश अवस्थी और व्यवसायी राजेश जैन के घरों को निशाना बनाया। वारदात गुरुवार देर रात नूतन बिहार कॉलोनी ढोंगा में हुई।

पुलिस के अनुसार पांच नकाबपोश बदमाशों ने इन घरों में सेंध लगाई। घटना के समय दोनों मकान मालिक शहर से बाहर गए हुए थे जिसके कारण घर सूने थे। चोरों ने इसी बात का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम दिया। चोरी की यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है जिसका वीडियो शुक्रवार को सामने आया। फुटेज में पांच लड़के घरों में घुसते और बाहर निकलते दिख रहे हैं। कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश में जुट गई है।

रबी फसलों के बीमा पंजीयन का कार्य जारी

नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत रबी फसलों के लिये बीमा पंजीयन की शुरूआत हो गई है। इसके अंतर्गत फसलों का बीमा कराने की अन्तिम तिथि 31 दिसम्बर 2025 है। इच्छुक कृषक उक्त तिथि में पूर्व अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा करा सकते है। रबी मौसम में सभी अनाज दलहन, तिलहन फसलों हेतु बीमित राशि का मात्र 1.5 प्रतिशत प्रीमियम कृषकों के द्वारा देय है। शेष प्रीमियम राज्य और केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जायेगा।

अधिसूचित क्षेत्रों में अधिसूचित फसलें उगाने वाले बटाईदारों और कास्तकारों सहित सभी किसान अपनी फसलों का बीमा कवरेज प्राप्त करने हेतु पात्र है। योजना सभी कृषकों हेतु स्वेच्छिक है। अल्पकालिक फसल ऋण प्राप्त करने वाले कृषकों की फसलों का दीमा संबंधित बैंक द्वारा किया जावेगा। ऋणी कृषक अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत जिले की समस्त सहकारी समितियों, ग्राम पंचायत में स्थित कॉमन सर्विस सेन्टर, जिले के समस्त बैंक एवं स्वयं किसान फसल बीमा पोर्टल पर अपनी फसलों का पंजीयन दिनांक 31 दिसम्बर तक कर सकते है। अऋणी कृषकों के लिए आवश्यक दस्तावेज भू-अधिकार पुस्तिका की छायाप्रति, आधारकार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति, बुआई प्रमाण-पत्र की प्रति स्वप्रमाणित मोवाईल नम्बर है। केसीसी धारक कृषक अपनी फसल परिवर्तन की सूचना 29 दिसम्बर तक अपने संबंधित बैंक को दे सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये कृषक कृषि रक्षक पोर्टल हेल्पलाइन नम्बर-14447, कृषि विभाग कार्यालय अथवा अपनी तहसील के बीमा प्रतिनिधि या जिला प्रतिनिधि से संपर्क कर सकते है।